तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 19.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 5 अप्रैल 2024

12 सात नाकों पर पुलिस का कड़ा पहरा



12 1.91 करोड़ से टांगरी नदी पर बन रहा कॉज वे



## खबर संक्षेप

### रैली में हिस्सेदारी लेने का किया आग्रह

**बराड़ा।** भाजपा नेत्री व जिला महामंत्री महिला मोर्चा सोनिया परोचा ने क्षेत्र वासियों को आगामी 8 अप्रैल को अनाज मंडी में होने वाली सीएम नायब सैनी की हरियाणा आगमन रैली में भाग लेने की अपील करते की।

### खड़े टाटा कैंटर के केबिन में लगी आग

**अंबाला।** टंगैल रोड़ पर घर के बाहर खड़े टाटा कैंटर के केबिन में अचानक आग लग गई। जिसे घर में मौजूद महिला ने देख लिया और अपने बेटे को बताया। जिन्होंनें तुरंत आसपास के लोगों के साथ मिलकर पानी से आग पर काबू पाया। गाड़ी मालिक घर पर मौजूद नहीं था। गनीमत रही कि महिला ने समय रहते कैंटर के केबिन में लगी आग को देख लिया अन्यथा सारा ट्रक जलकर राख हो जाता। कैंटर का केबिन आग से जलकर राख हो गया।

### तलाकशुदा महिला के साथ किया दुष्कर्म

**पानीपत।** पानीपत की एक कॉलोनी के घर में घुसकर एक महिला के साथ उसके तलाकशुदा पति ने रेप किया। इतना ही नहीं, महिला के साथ मारपीट भी की। आरोपी को स्थानीय लोगों ने मौके पर ही पकड़ कर पुलिस को बुलाया, तो पुलिस ने उसे छोड़ दिया। अब आरोपी महिला की आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर शेयर कर रहा है। कथित पीडिता ने इस मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से कर न्याय की गुहार लगाई है।

### पानीपत रेलवे स्टेशन पर फौजी से नकदी ठगी

**पानीपत।** पानीपत रेलवे स्टेशन पर सैन्य कर्मी महफूज अली निवासी गांव कुकरझुंडी, जिला मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश के साथ दो युवकों ने 80 हजार रुपये की ठगी कर ली। दो युवकों ने महफूज से मदद मांगने के बहाने महफुज को अपना शिकार बनाया। आरोपी महफूज का मोबाइल भी अपने साथ ले गए। वहीं फौजी महफूज की शिकायत पर थाना सिटी पुलिस ने दो अज्ञात युवकों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### समालखा के पास हादसे में महिला की मौत

**पानीपत।** पानीपत के कस्बा समालखा के पास लघुशंका के लिए फोन लाइन क्रॉस कर रही सीमा पत्नी दलीपचंद निवासी कैथल की अज्ञात बाइक चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में सीमा की मौत हो गई। सीमा अपने रिश्तेदारों कृष्णजीत व जीतराम के साथ कार में सवार होकर फिरोजबाद जा रही थी। इधर, थाना समालखा पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रक्तदान शिविर का आयोजन 7 अप्रैल को

**इंद्री।** स्व श्रीमती रामप्यारी की याद में जिला रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन 7 अप्रैल को टपरियों धर्मशाला में किया जाएगा।

# श्रीदेवीकूप भद्रकाली मंदिर में नवरात्रि उत्सव की तैयारियां जोरों पर

## विदेशी फूलों से महकेगा शक्तिपीठ, उत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह

तरूण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र



शक्तिपीठ श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर में आगामी चैत्र नवरात्र धूमधाम से मनाए जाएंगे। इसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। भद्रकाली सेवक मंडल के सदस्य रामपाल लाठर ने चैत्र नवरात्रि उत्सव की जानकारी देते हुए कहा कि हमारी सनातन संस्कृति व हिन्दू धर्म में नवरात्रि उत्सव व दुर्गा पूजा का विशेष महत्व है। पूरे भारत वर्ष में यह उत्सव शुरू हो रहा है जिसे बड़े उत्साह के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी झांसा रोड स्थित शक्तिपीठ श्रीदेवीकूप भद्रकाली मंदिर में महाशक्ति की महापूजा का महापर्व नवात्रि उत्सव 9 अप्रैल से प्रारम्भ होकर 16 अप्रैल को श्रीदुर्गाष्टमी के साथ सम्पन्न होगा। उन्होंने बताया कि नवरात्रि उत्सव को लेकर मंदिर प्रांगण में तैयारियां जोरों पर है। मंदिर को फूलों व सुंदर लड़ियों के साथ सजाया रहा है। नवरात्रि उत्सव के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह है। भद्रकाली सेवक मंडल के सदस्य रामपाल लाठर ने बताया कि 8 अप्रैल को प्रात 6 बजे मंगला आरती, प्रात 8 बजे कलश स्थापना, 9 बजे ध्वजारोहण, दोपहर 1 बजे मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं भंडारा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे, भजन संध्या 4 बजे से 7 बजे तक तथा सांय 7 बजे मां की पवित्र ज्योति के साथ महाआरती होगी। उन्होंने बताया कि इस बार विदेशी फूलों से मंदिर को सजाया जा रहा है।

### मां भद्रकाली के दर्शन से होती है सुख-समृद्धि की प्राप्ति



भद्रकाली सेवक मंडल के सदस्य रामपाल लाठर ने कहा कि मां भ्रदकाली के दर्शन करने से मनुष्य के जीवन में जहां सुख-समृद्धि का वास होता है वहीं सभी चिंताओं से मुक्ति भी मिलती है। जो भी व्यक्ति शक्तिपीठ श्री देवी कूप मां भद्रकाली मंदिर में दर्शन के लिए आता है उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है। इन नौ दिनों में आदिशक्ति मां भगवती के नौ स्वरूपों की पूजा होती है। जिसमें शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री का पूजन भक्त श्रद्धापूर्वक करते है। नवरात्रि का हर दिन देवी के विशिष्ट रूप को समर्पित होता है और हर देवी स्वरूप की कृपा से अलग-अलग तरह के मनोरथ पूरे होते है।

### मां के दर्शनों के लिए किए गए है विशेष प्रबंध

पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा के सानिध्य में यह उत्सव बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। जिसमें सभी सेवक मंडल के सदस्यों की डयूटियां लगाई जा चुकी है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए नियम पालना के साथ पूजन की व्यवस्था, भंडारे को सुचारू रूप से चलाने, प्रसाद वितरण, जलसेवा की व्यवस्था, सुरक्षा, स्वच्छता, जोड़ा सेवा आदि के लिए विशेष प्रबंध किए गए है।

# स्पिनिंग मिल मजदूर मांगों को लेकर गरजे




पानीपत। स्पीनिंग मिल मजदूर अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

इंडस्ट्रियल वर्कर यूनियन पानीपत संबंधित सीटू के नेतृत्व में स्पिनिंग उद्योग के सैकड़ों मजदूरों ने न्यूनतम वेतन व श्रम कानून लागू करवाने की मांग को लेकर विशाल रोष प्रदर्शन लघु सचिवालय पानीपत पर डिप्टी लेबर कमिश्नर पानीपत कार्यालय के सामने किया गया। सीटू राज्य सचिव का. विनोद देशवाल ने कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र व राज्य की सरकारों की मजदूर विरोधी नीतियों के चलते देश का मजदूर वर्ग को भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। देश और दुनिया में पानीपत की पहचान टेक्सटाइल के उद्योगों के रूप में स्थापित है लाखों की संख्या में मजदूर कार्य करते हैं। लेकिन उद्योगों में श्रम कानून की पालना नहीं होती। मजदूरों के हाजिरी रजिस्टर में नाम दर्ज नहीं है। कार्य करते समय भी कोई सुरक्षा नहीं है। प्रतिदिन मजदूर दुर्घटना का शिकार होते हैं और विकलांग हो जाते हैं। उद्योग बूचडखाने बने हुए हैं। वहीं प्रदर्शनकारियों को इस अवसर पर सीटू जिला प्रधान सुनील दत्त, सचिव जय भगवान, कोषाध्यक्ष वीन सपड़ा ने संबोधित किया।

- न्यूनतम वेतन व श्रम कानून लागू करवाने की मांग

# रोडवेज कर्मियों ने मांगों को लेकर कर्मशाला के गेट पर किया प्रदर्शन

## प्रदर्शनकारियों ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम बस डिपो महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा बस डिपो यमुनानगर के रोड़वेज कर्मचारियों ने वीरवार को अपनी मांगों को लेकर गेट मीटिंग कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद रोडवेज कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम डिपो महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांगे जल्द पूरी नहीं किए जाने पर बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी।

- मांगे और समस्याओं का समाधान नहीं होने पर बड़ा आंदोलन करने की दी चेतावनी

वीरवार सुबह हरियाणा रोड़वेज सांझा मोर्चा के बैनर तले बस डिपो यमुनानगर की रोड़वेज यूनियनों के प्रधान महिपाल सौदे, राजिंद्र कांबोज, मुकेश पोसवाल, जगजीत सिंह व रघबीर सिंह के नेतृत्व में सैंकड़ो रोड़वेज कर्मचारी कर्मशाला के गेट पर एकत्रित हो गए और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान रोड़वेज कर्मचारियों ने गेट मीटिंग की और सरकार की रोडवेज कर्मचारियों की मांगे अभी तक पूरी नहीं किए जाने पर कड़ी निंदा की। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने डिपो महाप्रबंधक को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। मौके पर रोडवेज कर्मचारी नेता महिपाल सौदे ने कहा कि परिचालकों को ई टिकटिंग मशीन के लिए कवर सभी डिपो में दे दिए गए हैं। लेकिन यमुनानगर डिपो में अभी तक ई टिकटिंग मशीन के लिए कवर नहीं दिए गए हैं। मौक पर नन्द लाल कांबोज, नितिन कांबोज, मनीष कांबोज, बृज भूषण, संजय कुमार, संजीव कुमार, पवन कुमार,मुकेश कुमार, विपिन कुमार, आजाद सिंह व बलविंदर कुमार आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर में बस डिपो महाप्रबंक को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए रोड़वेज सांझा मोर्चा के सदस्य।

### करनाल व हिसार सेंट्रल वर्कशॉप बंद करने का विरोध



**पिहोवा।** रोडवेज की करनाल व हिसार सेंट्रल वर्कशॉप को बंद करने के निर्णय के विरोध स्वरूप साझा मोर्चा के आह्वान पर रोडवेजकर्मियों ने दो घंटे बंद करके नारेबाजी की। प्रधान विनोद शर्मा, प्रदेश चेयरमैन बलदेव मामूमाजरा, मंच संचालक रामफल सिकरवाल, इंटक प्रधान तरसेम, महासंघ से सोनू आदि ने बताया कि दोनों वर्कशॉप में इंजन मरम्मत कार्य, पंप कार्य व टायर रिसोल कार्य की समीक्षा को लेकर कमेटी का गठन किया गया है। जानकारी मिली है कि गठन कमेटी कुछ सीमित समय को आधार मानकर खर्च अधिक होने के चलते दोनों वर्कशॉप को बंद करने की सिफारिश करने जा रही है। जिसका कर्मचारी विरोध करते हैं।कर्मचारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो आंदोलन तेज करके हड़ताल की जाएगी।

# अनाज मंडी के आढ़तियों ने की अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

अनाज मंडी इंद्री मे आढ़तियों द्वारा की जा रही हड़ताल के चौथे दिन भी आढ़तियों ने विरोध प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। मंडी प्रधान महेंद्र सिंह त्यागी ने बताया कि हरियाणा स्टेट अनाज मंडी एसोसिएशन के आह्वान पर हरियाणा सरकार द्वारा आढ़तियों की मांगें नहीं माने जाने के विरोध में अनाज मंडी मे लगातार पिछले चार दिनों से 2 घंटे की सांकेतिक हड़ताल कर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है लेकिन सरकार ने आढ़तियों की मांगों की ओर कोई ध्यान नही दिया है। उन्होंने कहा कि पांच अप्रैल को मंडी के आढ़ती अपनी मांगों का ज्ञापन जिला उपायुक्त को सौंपेंगे।

- सरकार से आढ़तियों को गेहूं व धान पर ढाई प्रतिशत आढ़त दिए जाने की मांग



इंद्री। अनाज मंडी इंद्री मे अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते आढ़ती।

### ये हैं मांगें

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आढ़तियों को गेहूं व धान पर ढाई प्रतिशत आढ़त दी जाए, मंडी में बिकने वाली सरसों की फसल पर आढ़तियों को आढ़त मिलनी चाहिए, फसल का भुगतान भी आढ़तियों के माध्यम से होना चाहिए आदि मांगे हैं। इस मौके पर काफी संख्या में आढ़ती मौजूद रहे।

# आत्मदाह करने पहुंचे कई संगठनों के लोग

## हाईवे जाम करने वाले लोगों पर मुकदमा दर्ज करने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

बिजली निगम के जेई द्वारा देवी-देवताओं के बारे में अभद्र टिप्पणी करने का मामले में अब नया मोड़ आ गया है। शहजादपुर माजरा की सरपंच, पूर्व सरपंच, जिला परिषद के पूर्व वाइस चेयरमैन समेत हिंदू संगठनों से जुड़े लोग शहजादपुर के त्रिवेणी चौक पर आत्मदाह करने पहुंचे। यहां, प्रदर्शनकारियों ने आरोपी जेई की गिरफ्तार के साथ उनके ऊपर दर्ज हुए मुकदमे को वापस लेने की मांग रखी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को बताया कि आरोपी जेई को गिरफ्तार कर लिया है। मौके पर पहुंचे एसडीएम यश जालुका ने प्रदर्शनकारियों को शांत कराया। एसडीएम ने कहा कि आरोपी जेई को गिरफ्तार करने के साथ ही बिजली निगम को कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा। केस कैंसिल करने को लेकर उन्होंने बताया कि उच्चाधिकारी अगले सप्ताह तक क्लियर करेंगे। इसके पश्चात हिंदू संगठन से जुड़े लोग शांत हुए और वापस लौटे। बता दें कि बुधवार को शहजादपुर थाने की पुलिस ने नेशनल हाईवे जाम करने वाले शहजादपुर माजरा की सरपंच, पूर्व सरपंच, पूर्व वाइस चेयरमैन समेत 20 लोगों पर मुकदमा दर्ज कर दिया था। जिसके बाद पुलिस की कार्रवाई से भड़के हिंदू संगठनों के 11 लोगों ने वीरवार को शहजादपुर की त्रिवेणी चौक पर सामूहिक आत्मदाह करने की चेतावनी दी थी। इन लोगों ने बुधवार देर रात भी पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की थी। बता दें कि गांव घडौली निवासी बिजली निगम के जेई तरसेम गोदिया ने अपने सोशल मीडिया पर हिंदू धर्म के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसके खिलाफ भगवान परशुराम सेवा दल के महासचिव प्रवीण शर्मा ने शहजादपुर पुलिस थाने को शिकायत सौंपी थी। यही नहीं, हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों ने सोमवार को भी जाम लगाया था। पुलिस ने आरोपी जेई के खिलाफ मामला दर्ज कर 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला जरूर दर्ज किया था, लेकिन गिरफ्तारी नहीं कर पाई थी। जिससे खफा होकर जाम लगा दिया था।

- प्रदर्शनकारियों ने आरोपी जेई को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर किया था हईवे जाम
- हिंदू देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाला जेई गिरफ्तार



अंबाला। आत्मदाह करने पहुंचे हिंदू संगठन के लोग। फोटो : हरिभूमि

## दुकानदारों को दी दोबारा से सामान न रखने की चेतावनी

# निगम की टीम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत शहर के विभिन्न मार्गों से अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान उन्होंने सभी दुकानदारों को दोबारा सामान न रखने की चेतावनी भी दी।

टीम ने जगाधरी वर्कशॉप रोड पर महाराणा प्रताप चौक से आईटीआई तक चलाए अभियान के तहत सड़क के दोनों ओर दुकानदारों द्वारा किया अतिक्रमण हटाया और सड़क पर रखा सामान जब्त किया। निगम के अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि उन्होंने फिर से सामान रखकर अतिक्रमण किया तो उनका सामान जब्त करने के साथ-साथ भारी जुर्माना भी लगाया जाएगा।



यमुनानगर के जगाधरी वर्कशॉप रोड से अतिक्रमण हटाती निगम की टीम।

### अतिक्रमण से सड़क पर खतरा

सफाई निरीक्षकों ने दुकानदारों को सड़कों पर अतिक्रमण न करने के लिए समझाया। उन्होंने दुकानदारों को समझाया कि सड़कों पर अतिक्रमण करने से रास्ते संकरे हो जाते हैं। जिससे जाम की स्थिति बनती है। इसके अलावा हादसों का खतरा बना रहता है। शहर को सुंदर, साफ व स्वच्छ बनाने में निगम का सहयोग करें। फिर भी यदि कोई सड़कों पर अतिक्रमण करेगा तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

निगमायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देश पर जोन दो में सीएसआई सुनील दत्त के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ दस्ते बनाए गए हैं। जोन दो में एसआई सुशील कुमार के नेतृत्व में बनी टीम ने महाराणा प्रताप चौक से आईटीआई तक सड़क के दोनों ओर से अतिक्रमण हटाया। निगम की टीम ने जैसे ही महाराणा प्रताप चौक के नजदीक अतिक्रमण हटाना शुरू किया तो दुकानदारों में अफरा-तफरी सी मच गई।

निगम की टीम को देख दुकानदारों ने स्वयं सामान समेटना शुरू कर दिया। इस दौरान निगम कर्मियों ने सड़क पर रखा दुकानदारों का सामान उठाकर निगम के वाहन में रखवा दिया।

# लैक्रोस गेम में हरियाणा की टीमों ने जीता गोल्ड




लैक्रोस गेम में स्वर्ण पदक विजेता हरियाणा की महिला टीम प्रसन्न मुद्रा में अतिथियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति ने 2028 लॉस एंजिल्स खेलों में लैक्रोस गेम को शामिल करने की मंजूरी मिलते ही हरियाणा की टीम ने उमदा प्रदर्शन किया है। न प्रतियोगिता में पुरुष और महिला दोनों टीमों ने गोल्ड मेडल जीता है। देश में पहली बार नेशनल लैक्रॉस चैंपियनशिप का आयोजन आगरा किया गया था। सीनियर महिला वर्ग में राजस्थान की टीम विजेता रही और हरियाणा की टीम उपविजेता रही। वहीं जूनियर महिला वर्ग में राजस्थान ने प्रथम स्थान हासिल किया वहीं हरियाणा दूसरे स्थान पर रही। सब जूनियर कैटेगरी में हरियाणा के पुरुष वर्ग की टीम विजेता रही। सब जूनियर में महिला वर्ग हरियाणा की टीम ने भी प्रथम स्थान हासिल किया। भारतीय लैक्रोस गेम के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय मिपुन और राष्ट्रीय जनरल सेक्रेट्री तौशिफ अहमद ने सभी राज्यों में इसकी टीमें तैयार करने के लिए कमेटियों का गठन किया है तथा दिसंबर 2023 में हरियाणा की जिम्मेदारी आर्य पीजी कॉलेज के प्रो.राजेश टूर्ण को दी हैं। जिन्हें हरियाणा लैक्रोस गेम का जनरल सेक्रेट्री नियुक्त किया गया है।

## खबर संक्षेप

### कर्ज मुक्त भारत अभियान को दिया समर्थन

**करनाल।** निः शुल्क कर्ज मुक्त भारत अभियान टीम द्वारा मानव सेवा संघ करनाल में आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अरुण कौशिक भारतीय, प्रदेश प्रभारी मुकेश सिरोही भारतीय व सोनीपत लोकसभा प्रभारी अनिल गर्ग भारतीय ने कर्ज से पीड़ित उपस्थित लोगों को संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष अरुण कौशिक भारतीय ने बताया कि देश में नोट बंदी, जीएसटी वी व लॉक डाउन के कारण देश में अनेक लोगों के की दुकानें व फैक्ट्रियां बंद हो गई।

### स्वामी भीष्म लाइब्रेरी में मोटिवेशनल कार्यक्रम

**घरौंडा।** स्वामी भीष्म लाइब्रेरी में पाठकों के लिए एक प्रेरणा व्याख्यान का आयोजन किया गया।जहां पर सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे पाठकों को मोटिवेट किया गया।कार्यक्रम में एक महीने पहले बिजली विभाग में एएलएम के पद चयनित हुए लाइब्रेरी के पाठक नितेश ने अपने अनुभव व किस प्रकार से तैयारी की उसकी जानकारी दी।उसने अपने अनुभव सांझा करते हुए बताया कि व सुबह लाइब्रेरी में आ जाता था और दो घण्टे के अंतराल में 5 मिनट का ब्रेक लेता था।

### दिव्य श्रीराम कथा महोत्सव 11 अप्रैल से

**नीलोखेड़ी।** श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में श्री सनातन धर्म मंदिर नीलनगर में 11 अप्रैल से 17अप्रैल तक दिव्य श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। मंदिर सभा के अध्यक्ष शिव नाथ कपूर ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि वृंदावन के प्रख्यात कथा व्यास पंडित हरिहर मुद्गल जी प्रतिदिन सांय 4-30 बजे से 6-30बजे तक संगीतमय श्रीराम कथा करेंगे। शिव

### रक्तदान शिविर का आयोजन 7 अप्रैल को

**इंद्री।** स्व श्रीमती रामप्यारी की याद में जिला रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 7 अप्रैल दिन रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक गांव टपरियों की धर्मशाला में किया जाएगा।

### मेरिट प्राप्त करने वाली छात्राओं का सम्मान

**करनाल।** सेक्टर-14 स्थित पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग की कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी परीक्षा (सत्र -2023-24) में मैरिट प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिसमें गृह विज्ञान विभाग की तृतीय वर्ष की 4 छात्राओं ने बी. एस.सी गृहविज्ञान के पांचवें सेमेस्टर की यूनिवर्सिटी परीक्षा में मेरिट में स्थान प्राप्त किया।

### डीएवी स्कूल में बताया मतदान का महत्व

**करनाल।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत वीरवार को स्थानीय डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वीप 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में करनाल खंड के विभिन्न विद्यालयों के 700 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सीटीएम शुभम ने शिरकत की। भारत मां के चित्र से दिया लोकतंत्र की मजबूती का संदेश।

## डीसी ने राजनैतिक दलों को जिले में स्थापित मतगणना केन्द्रों की दी जानकारी

# राजनैतिक दल व आमजन आचार संहिता की उल्लंघना न करे : डीसी

### कोई भी राजनैतिक दल व आमजन आदर्श चुनाव आचार संहिता की उल्लंघना न करे: डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने लोकसभा आम चुनाव 2024 व करनाल विधानसभा के उप चुनाव के दृष्टिगत वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली और उन्हें जिला में स्थापित किए गए मतगणना केंद्रों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के लिए करनाल विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल करनाल के हॉल न0 1, इन्द्री विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल करनाल के लाइब्रेरी हॉल, घरौंडा व असंध विधानसभा क्षेत्र के मतो की गणना एसडी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल करनाल के विवेकानंद ब्लॉक तथा नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र की मतो की गणना एसडी मॉडल सीनियर सेकेंडरी



**करनाल।** लघु सचिवालय के सभागार में बैठक लेते डीसी उत्तम सिंह।

स्कूल करनाल के लाइब्रेरी हॉल में करवाई जाएगी। इसके अलावा करनाल विधानसभा के उपचुनाव के लिए डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल करनाल के लाईब्रेरी को मतगणना केन्द्र बनाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी राजनैतिक दल का प्रतिनिधि मतगणना केन्द्रों का निरीक्षण कर सकते हैं। उपायुक्त ने बैठक में सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने के लिए आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें। ट्वीटर, इंस्टाग्राम और फेसबुक आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऐसी कोई सामग्री पोस्ट न करें, जिससे आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन हो। इसके साथ-साथ सभी राजनैतिक दल व चुनाव के इच्छुक लोग दा हरियाणा डिफेंसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की पालना करें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं नगराधीश शुभम, चुनाव तहसीलदार जयवीर सिवाच, राजनैतिक दालों के प्रतिनिधियों में बीजेपी से राजबीर शर्मा, एडवोकेट संजय मदान व मोहिन्द्र सिंह, कांग्रेस से जोगिन्द्र वाल्मीकि व राजेन्द्र कुमार, बीएसपी से रामकिशोर, रमेश व शिशनपाल, आप पार्टी से सोनू कुमार, ईनेलो से सुरजीत संधू व एडवोकेट मनिंदर सिंह पूनिया, जेजेपी से धर्मबीर पाढा उपस्थित रहे।

## नकली शराब की करें शिकायत नियंत्रण कक्ष किया स्थापित

- विभाग की ओर से जारी किए गए नंबर व ई-मेल आईडी पर की जा सकती है शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि आबकारी एवं कराधान विभाग हरियाणा की ओर से लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उपचुनाव 2024 के दौरान शराब की अवैध आवाजाही के सम्बन्ध में शिकायतों के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि आमजन लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उपचुनाव 2024 के दौरान आचार संहिता के संचालन के दौरान हरियाणा राज्य में शराब की अवैध आवाजाही, बिक्री एवं नकली शराब से सम्बन्धित शिकायत देने व प्राप्त करने के लिए आबकारी एवं कराधान विभाग, हरियाणा द्वारा प्रधान कार्यालय, पंचकूला में स्थापित राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष में दे सकते हैं।

### अवैध शराब की सप्लाई को उठाए सख्त कदम



उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि जिला में छठे चरण में 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर जिला में अवैध रूप से शराब की बिक्री नहीं होने दी जाएगी, जिसके लिए शराब की बिक्री पर जिला प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। इस दौरान अगर कहीं भी अवैध शराब पाई गई तो संबंधित लोगों के खिलाफ पुलिस विभाग की ओर से सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि संदिग्ध लोगों व स्थानों पर पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी नजर रखते हुए जिला में अवैध शराब की सप्लाई को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

शिकायतें / सूचना नियंत्रण कक्ष के टेलीफोन नंबर 18001022012 (टोल फ्री) 0172-4112222 और ईमेल पर दर्ज की जा सकती है।



## जनता को बताएं मोदी सरकार की उपलब्धियां

- कर्ण कमल कार्यालय में पूर्व सीएम मनोहर लाल ने ली करनाल लोकसभा कलस्टर की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से प्रत्याशी मनोहर लाल ने गुरुवार को कर्ण कमल कार्यालय में करनाल लोकसभा कलस्टर की बैठक ली। मीटिंग में राज्यसभा सांसद कृष्ण पंवार, सांसद संजय भाटिया, विधायक हरविंद्र कल्याण, विधायक राम कुमार कश्यप, भाजपा जिला प्रधान योगेंद्र राणा व निवर्तमान मेयर रेणु बाला गुप्ता विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर मनोहर लाल ने कहा कि पदाधिकारी और कार्यकर्ता हर घर, हर व्यक्ति के पास जाकर वोट मांगें। लोगों को मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनवाएं। जनता को बताएं कि किस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का चहुंमुखी विकास हुआ है। महिला सशिक्तरण को लेकर सरकार ने क्या-क्या योजनाएं लागू की। युवाओं को रोजगार दिया गया। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की पहचान पूरे विश्व में बनी है। उन्होंने कहा कि 10 साल के शासनकाल में पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान बनाकर गरीबों को दिए। आयुष्मान और चिरायु कार्ड देकर डबल इंजन की सरकार ने गरीब लोगों को बीमारी में होने वाले खर्च की टेंशन से मुक्त किया।

शौचालय और हर घर नल से जल पहुंचाकर मोदी सरकार ने महिलाओं का जीवन सरल बनाने का काम इन 10 सालों में किया है। सरकार ने इतने जनकल्याणकारी काम किए हैं जिन पर हमें गर्व है। उन्होंने कहा कि सरकार के कार्यों को लेकर जनता से संपर्क में करने में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि हर बूथ पर जाकर लोगों से 10 बार भी मिलना पड़ें तो मिलकर उन्हें पार्टी हित में वोट डालने के लिए प्रेरित करें।

### जल्द भर्ती का आश्वासन

इससे पहले कर्ण कमल कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने लोगों से मुलाकात की। कई कर्मचारी भी अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर मिलने पहुंचे। कई विभागों में भर्ती की प्रतीक्षा कर रहे युवाओं को जल्द भर्ती करने का आश्वासन दिया।

## स्वामी अभेदानंद को दी श्रद्धांजलि

- करनाल में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने में स्वामी अभेदानंद का अहम योगदान रहा : रामदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल




ब्रह्मलीन स्वामी अभेदानंद जी की प्रेरणा सभा श्री कृष्ण मन्दिर सेक्टर. 14 में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर विश्व योग गुरु परम पूज्य स्वामी रामदेव जी और आयुर्वेदाचार्य आचार्य बालकृष्ण जी मौजूद रहे। उन्होंने श्रद्धेय स्वामी अभेदानंद जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि स्वामी जी के साथ उनका आत्मीय सम्बन्ध है, वह रहेगा। इस संस्था की साध्वी बहनो कुमारी समता भारती, कुमारी ज्योति भारती कुमारी पायल भारती, कुमारी अजू भारती और कुमारी प्रोमिला भारती को भविष्य में हर प्रकार का सहयोग देने का आश्वासन हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। उन्होंने भी इस संस्थान को भविष्य में सहयोग देने का आश्वासन दिया और ईश्वर से इस संस्थान की निरन्तर प्रगति के लिए प्रार्थना की। मनोहर लाल ने कहा कि स्वामी अभेदानंद जी शारीरिक रूप से उतने सशक्त नहीं थे जितने वह आध्यात्मिक रूप से सबल थे।उन्होंने शिक्षा को माध्यम बनाकर 40000 से अधिक विद्यार्थियों को शिक्षित बनाया। करनाल की जनता सदैव उन्हें एक शिक्षाविद के रूप में स्मरण करेगी। स्वामी जी ने एसबी मिशन सोसाइटी का निर्माण किया और उसके माध्यम से आज चार विद्यालय करनाल के जनता की सेवा कर रहे हैं। इस अवसर पर जैन संत पियुष मुनि जी महाराज, मेयर रेणु बाला, बी. ई ओ सीमा मदान आदि मौजूद रहे।

### मजदूर की आर्थिक सुरक्षा मेहनत व तरक्की से बनता है देश महान

**तरावड़ी।** लोकसभा करनाल के डिवीजनल कोऑर्डिनेटर व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य प्रोफेसर राजेश वैध ने कहा कि जब देश का श्रमिक खुशहाल होगा, तभी हिन्दुस्तान महान होगा। कांग्रेस ने श्रमिक न्याय के तहत स्वास्थ्य के अधिकार सहित मजदूरों के लिए पांच गारंटियों की घोषणा की है उक्त विचार कांग्रेस नेता ने अपने कार्यालय में कांग्रेस कार्यकत्ताओ को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। वैध ने कहा की कांग्रेस का वायदा श्रमिकों के सपनों को पंख देने का हैं व 400 दिन की गारंटीड मजदूरी, स्वास्थ्य सुरक्षा, असंगठित क्षेत्र के लिए सामाजिक सुरक्षा और रोजग़ार की सुरक्षा ये सब उनके जीवन को नई उड़ान देंगे।

## ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड समारोह में शिरकत करेंगी फिल्म अभिनेत्री संगीता बिजलानी

- एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया करेगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन, इंटरनेशनल करप्शन कंट्रोल ब्यूरो एंव ट्रैफिक रूल्स एंड रोड सेफ्टी फेडरेशन के सहयोग से ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड समारोह व नैशनल कॉन्क्लेव का भव्य आयोजन रविवार 7 अप्रैल को मनका रिसोर्ट में किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर एक बैठक का आयोजन नैशनल



सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में हुआ। अरोड़ा ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा की फाउंडेशन द्वारा करप्शन फ्री इंडिया अभियान को समर्पित ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड समारोह व नैशनल कॉन्क्लेव का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें फिल्म अभिनेत्री संगीता बिजलानी सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट के रूप में उपस्थित होकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता का आह्वान करेंगे एंव भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए देश भर में कार्यरत महान शख्सियतों को सम्मानित करेंगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणजोध सिंह करेंगे।




### आढ़तियों की हड़ताल चौथे दिन भी जारी

**घरौंडा।** हरियाणा की सभी मंडियो मे हड़ताल चल रही है जिसमें आज घरोंडा मंडी में भी हड़ताल के चौथे दिन आढ़तीयों ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रधान सुखबीर संधू ने कहा कि आढ़तीयों की मुख्य मांग है कि बहुत वर्षों से उनकी आढ़त 2.5 पर्सेंट है और वह सभी फसलों पर पूरी मिलनी चाहिए. मंडियो में बहुत वर्षों के बाद आढ़त बढ़ाने के बजाय सरकार ने ढाई परसेंट से भी कम कर दी है और सरसों पर तो बिल्कुल खत्म कर दी है जो की बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है. उन्होंने सरकार से मांग की आढ़त पुरी की जाए और जो किसान आढ़ती के माध्यम से अपना सरकारी भुगतान लेना चाहे उन्हें भी यह सुविधा दी जाए. सब आढ़तीयों ने अपनी मांगे जल्द पूरी करने को कहाँ नहीं तो आने वाले दिनों मे प्रदर्शन और बढ़ाया जायेगा।

## रक्तदाताओं को किया सम्मानित

- सामाजिक जागृति के माध्यम से रक्तदान के लिए करें प्रेरित : डॉ. रामपाल सैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

डीएवी पीजी कॉलेज में एनएसएस प्रकोष्ठ, रैड क्रॉस क्लब, रैड रिबन क्लब तथा एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि राजकीय नागरिक अस्पताल के सीएमओ डॉ. कृष्ण कुमार विशिष्ठ अतिथि डॉ. सन्धू ने शिरकत की। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बलराम शर्मा, रैड क्रॉस क्लब की संयोजक डॉ. मिनाक्षी कुंडू, रेड रिबन क्लब की संयोजक डॉ अंशु


**करनाल।** रक्तदाता को सर्टिफिकेट देते व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. डॉ. रामपाल सैनी। फोटो : हरिभूमि

जैन व डॉ. विपिन नेवट ने मुख्य अतिथि तथा प्राचार्य का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ रामपाल सैनी ने कहा कि रक्तदान के लिए हमें सामाजिक जागृति चलाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान कर हम किसी व्यक्ति की जान तो बचाते ही है दूसरी ओर हमें खुद भी आत्मसंतुष्टि की अनुभूति होती है। मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ. कृष्ण कुमार ने कहा कि देश में रक्तदान करने वालों की कोई कमी नहीं है, फिर भी युवाओं को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए, ताकि किसी भी स्थिति में रक्तदान की कमी से किसी की जान न जाए।

## भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭घरौंडा

आचार्य मणि प्रसाद गौतम भगवान श्री कृष्ण ने दुष्टो का संहार किया है, जो भक्तो को कष्ट देते थे। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण.ने मक्खन की चोरी ओर लोगों के चित भी चोरी की है। आचार्य मणि प्रसाद गौतम ने मानसरोवर कॉलोनी में आयोजित पंचम दिवस की कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान भक्तों का कष्ट दूर करने और दुष्टों का संहार करने के लिए अवतार होते हैं। भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए आचार्य गौतम ने कहा कि जब



पूतना ने बाल स्वरूप में श्री कृष्ण भगवान को मारने की कोशिश की तो पूतना ने भगवान श्री कृष्ण से कहा कि अरे मुझे छोड़ दो तो भगवान श्री कृष्ण बोले जिसको एक बार हम पकड लेते हैं जब तक उसका उद्धार न कर दे तब तक छोड़ते नहीं। जो पूतना भगवान कृष्ण को मारने के लिए स्तनों में जहर लगा कर आई थी, उसे भी भगवान ने माँ का स्थान देकर उसका भी उद्धार किया।

## निफा के संस्थापक चेयरमैन प्रीतपाल सिंह पन्नू को भी मिला स्थान

# 'द सिख्स अवर हीरोज एंड प्राइड ऑफ इंडिया' का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

भारत के सबसे बड़े मीडिया संगठन इंडिया टुडे ग्रुप द्वारा एक कॉफी टेबल बुक, द सिख्स अवर हीरोज एंड प्राइड ऑफ इंडिया जारी की गई। चंडीगढ़ में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पंजाब के राज्यपाल व केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित ने इस पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक में चढ़दीकला मीडिया ग्रुप के चेयरमैन, पद्म श्री जगजीत सिंह दर्दी सहित देश भर की 25 सिख हस्तियों को स्थान दिया गया है। इन हस्तियों में करनाल से निफा के संस्थापक चेयरमैन



**करनाल।** इंडिया टुडे ग्रुप की पुस्तक द सिख्स अवर हीरोज एंड प्राइड ऑफ इंडिया के साथ निफा के संस्थापक चेयरमैन प्रीतपाल सिंह पन्नू। फोटो : हरिभूमि

प्रीतपाल सिंह पन्नु को स्थान प्राप्त होने पर आज निफा संस्था की कार्यकारिणी, इंटरनेशनल सिख फोरम, शिरोमणि गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया के साथ साथ विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने हर्ष व्यक्त कियाहै। उल्लेखनीय है कि प्रीतपाल सिंह ने वर्ष 2000 में सामाजिक संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम की शुरुआत की व इस संस्था के माध्यम से उन्होंने विश्व स्तर पर समाज भलाई व सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का कार्य किया। उनके नेतृत्व में जहां निफा को युवा संस्थाओं के लिए प्रदत देश का सर्वोच्च सम्मान राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्राप्त हुआ वहीं गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में 6 बार व वर्ल्ड बुक ऑफ़ रिकॉर्ड में एक बार निफा की गतिविधियों को शामिल किया गया।

### प्रीतपाल सिंह पन्नू को मिल रही बधाई

सोशल मीडिया पर यह जानकारी सामने आने के बाद पूर्व एडीजीपी राजबीर देसवाल, पूर्व विधायक सुमिता सिंह, मुख्यमंत्री के मीडिया प्रभारी रहे जगमोहन आनंद, कांग्रेस के जिला संयोजक तरलोचन सिंह, सिटीजन ग्रीवेंसेज कमेटी की प्रधान अंजू शर्मा, आर्य समाज के संरक्षक सतिंदर मोहन कुमार, शिक्षाविद् व दून ग्रुप ऑफ़ स्कूल्स के निदेशक कुलजिन्द्र मोहन सिंह बाठ, योग शिक्षक दिनेश गुलाटी, शिरोमणि गतका फेडरेशन आफ इंडिया के प्रधान गुरतेज सिंह ख़ालसा, ब्रह्माकुमारी प्रेम बहन, एम डी डी बाल भवन के प्रधान परमिंद्र पाल सिंह, समाज सेवी जोगिंदर रांवर, निफा के संयोजक एडवोकेट नरेश बराना, सह सचिव जसविन्द्र सिंह बेदी, उप प्रधान परमजीत सिंह आहूजा, प्रदेश अध्यक्ष श्रवण शर्मा, जिला प्रधान रणजीत सिंह ग्रेटा सहित अनेक समाज सेवियों ने इसे करनाल के लिए सम्मान की बात बताते हुए प्रीतपाल सिंह पन्नु को बधाई दी।

## वैवाहिक युवक-युवती परिचय सम्मेलन 7को

- अब तक 23 परिचय सम्मेलन हो चुके हैं, पंद्रह हजार लोगों को मिले जीवन साथी

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

अग्रवाल युवा संगठन के प्रधान रमेश जिंदल ने बताया कि विवाह में होने वाली फिजूलखर्ची को रोकने तथा अग्रवाल युवक-युवतियों को जीवन साथी चुनने के लिए श्रेष्ठ मंत्र प्रदान करने वाले अग्रवाल युवा संगठन ने इस बार 7 अप्रैल को सुबह 9 बजे श्री राम लीला भवन रेलवे रोड में वैवाहिक युवक युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह 24वां सम्मेलन होगा। देश के साथ विदेशों से भी युवक-युवतियां सम्मेलन में आएंगे। सम्मेलन में भाग लेने के लिए युवक युवतियां पूरे


**करनाल।** परिचय सम्मेलन को लेकर जानकारी देते हुए संगठन के प्रधान रमेश जिंदल व अन्य पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

उत्साह के साथ रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं। कार्यालय में पंजीकरण करवाने के साथ-साथ वेबसाइट पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी संगठन द्वारा दी गई है। अब तक लगभग 300 युवक और 100 युवतियों ने पंजीकरण करवा लिया है। अग्रवाल धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में संगठन के प्रधान रमेश जिंदल और अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि वर्ष 2000 में पहला सम्मेलन आयोजित किया गया था। लोगों में विवाह शादियों में फिजूल खर्ची नहीं करने को लेकर जागरूकता आई है, लेकिन अभी और अधिक कार्य किए जाने की जरूरत है। अब तक 15 हजार लोगों को यहां से जीवन साथी मिल चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### निगम आयुक्त से शिकायत की

**पानीपत।** आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने निगम कमीशनर साहिल गुप्ता को निगम के क्षेत्रीय कराधान आधिकारी जेडटीओ कुलदीप राणा के खिलाफ शिकायत भेज कर विभागीय दंडात्मक कारवाई की मांग की है। शिकायत में कपूर ने आरोप लगाया कि निगम में जेडटीओ के पद पर नियुक्त कुलदीप राणा कभी भी किसी आरटीआई का जवाब नहीं देते न ही प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं उप निगम आयुक्त डीएमसी अरुण कुमार के लिखित आदेशों की अनुपालना करते हैं।

### चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई

**पानीपत।** पानीपत ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के लोकसभा चुनाव प्रभारी गजेन्द्र सलूजा ने कहा कि हर एक मतदाता के द्वार पर कार्यकर्ता बार बार दस्तक दे। उनको समझाए की मोदी के नेतृत्व में भारत माता का मान किस प्रकार दुनिया भर में बढ़ा है। भाजपा व मोदी का एक लक्ष्य है भारत माता के वैभव को विश्व भर में स्थापित कर भारत को विश्व गुरु बनाना। हम सब कार्यकर्ता इस अभियान में अभी से जुट जाए।

### प्रतियोगिता में दिशा सोनी प्रथम आई

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में अंग्रेजी विभाग द्वारा एमए इंग्लिश 'फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए क्लास गतिविधि का आयोजन किया। विभागाध्यक्षा डॉ. नीलम ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए एक सफल गतिविधि की शुभकामनाएं दी। जबकि इस प्रतियोगिता में दिशा सोनी प्रथम स्थान पर, शाहित द्वितीय स्थान पर एवं दीपाक्षी तृतीय स्थान पर रही।

### भाजपा स्थापना दिवस मनाएगी

**पानीपत।** भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कार्यालय में जिला के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ बैठक कर भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस, बूथ सशक्तिकरण, भीमराव अंबेडकर जयंती एवं अन्य संगठनात्मक विषयों पर सार्थक चर्चा कर जिम्मेदारियां सौंपी। वही, भट्ट ने कहा कि छह अप्रैल को हरियाणा प्रदेश के सभी मतदान केंद्रों पर भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस उत्सव के तौर पर मनाया जाएगा।

### रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुक्रवार की सुबह रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का आयोजन ब्लड सेंटर, सिविल हॉस्पिटल, पानीपत के सहयोग से महाविद्यालय की यूथ रेड क्रॉस, एनएसएस और एनसीसी इकाईयों की ओर से किया जा रहा है।

### विवाहिता को घर से निकाला

**पानीपत।** पानीपत के गांव बापौली में दहेज की मांग पूरी नहीं करने पर सुसराल वालों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। महिला का विवाह गत वर्ष हुआ था। विवाहिता की शिकायत थाना समालखा पुलिस ने पति, सास और ससुर पर पुलिस ने दहेज प्रताड़ना, घरेलू हिंसा की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर

---

### ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल का आयोजन

# आर्य कॉलेज ने रचा ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल में इतिहास

- **तीन विधाओं में प्रथम, तीन विधाओं में द्वितीय व एक विधा में किया तृतीया स्थान प्राप्त किया, कॉलेज प्रशासन ने हर प्रतिभागी को सम्मानित किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल में आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने इतिहास रचकर महाविद्यालय का नाम पूरे देश में रोशन किया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए। आर्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने तीन विद्याओं में प्रथम, तीन में द्वितीय व एक विधा में तृतीय स्थान पर कब्जा किया। ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल का आयोजन पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना, पंजाब में 28 मार्च से 1 अप्रैल तक किया गया। वीरवार को विजेता प्रतिभागियों का महाविद्यालय प्रांगण पहुंचने पर कॉलेज प्रबंधक समिति के महासचिव सीए कमल किशोर, अरुण आर्य, प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता व सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा शानदार स्वागत किया गया। प्रबंधक समिति के महासचिव सीए कमल किशोर व वरिष्ठ सदस्य वीरेंद्र सिंगला ने कहा कि यह



पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता के साथ विजेता विद्यार्थी प्रसन्न मुद्रा में।

उपलब्धि केवल आर्य कॉलेज की नहीं अपितु पूरे हरियाणा प्रदेश की है। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने इस शानदार उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रभारी डॉ. रामनिवास, प्राध्यापिका मीनाक्षी चौधरी, डॉ. विजय सिंह, डॉ. नीलू खालसा, अकरम खान सहित अन्य सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने 37 वें ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल में भाग लिया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम का प्रतिनिधित्व आर्य कॉलेज के विद्यार्थियों किया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने कुल 18 विधाओं में भाग लिया व 15 विधाओं में पुरस्कार जीत इतिहास रच दिया। ये केवल आर्य कॉलेज के होनहार विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है कि छ विधाओं में प्रथम व एक विधा में तृतीय स्थान हासिल कर थियेटर में ओवर ऑल ट्रॉफी केयुके ने हासिल की। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि करनाल जोन में आर्य महाविद्यालय ने युवा महोत्सव में लगातार 18 बार प्रथम स्थान व 8 बार इंटर जोनल में प्रथम स्थान वहीं 9 बार राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं उन्होंने अंत में बताया कि आर्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने कई बार भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए साउथ एशियन इंटर यूनिवर्सिटी फेस्टिवल में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए कॉलेज का नाम पूरे विश्व में रोशन किया है। उन्होंने कहा कि हमारे होनहार विद्यार्थी प्रत्येक क्षेत्र में महाविद्यालय का नाम आज पूरे देश में विदेशों में रोशन कर रहे हैं। डॉ.रामनिवास ने अपने वक्तव्य में बताया कि आर्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए वन एक्ट प्ले, लाइट वोकल इंडियन और प्रोशेशन में पहला स्थान, आर्केस्ट्रा, माईम, वेस्ट्रन इंस्ट्रूमेंटल सोलो, में दूसरा स्थान व ग्रुप सोंग इंडियन में तीसरा स्थान हासिल कर पूरे भारतवर्ष में महाविद्यालय का नाम रोशन किया है जोकि हमारे लिए गर्व का विषय है। डॉ. रामनिवास ने अंत में यह भी बताया कि कॉलेज की प्रबंधक समिति ने ऑल इंडिया यूथ फेस्टिवल में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को 2100-2100 रुपये देकर सम्मानित किया वहीं लाइट वोकल इंडियन विधा में पहला स्थान हासिल करने वाली छात्रा शीतल को 5100 रुपये की धनराशि देकर सम्मानित किया गया।

---



पानीपत। साइबर क्राइम के विरुद्ध जनता को जागरूक करते हुए पुलिस टीमें।

### साइबर क्राइम के विरूद्ध जागरूक किया

*पानीपत। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा वीरवार को राहगीरी कार्यक्रम के माध्यम से भावना चौक, नूरवाला चौक, मितल मैगा मॉल, काबड़ी फाटक, रेलवे रोड के सामने फ्लाई ओवर पुल के निचे, रिफाइनरी टाउनशिप, टोल प्लाजा, सनौली व बापौली में बस स्टेंड पर, मतलौडा बस स्टेंड चौक पर आमजन को जागरूक करने के साथ ही आर्य पीजी कॉलेज, डॉ.एमकेके स्कूल, दयाल सिंह स्कूल, आर्य बाल भारती स्कूल, डीपीएस स्कूल समालखा व गीता युनिवर्सिटी में विद्यार्थियों को साइबर क्राइम की जानकारी देकर जागरूक किया। इधर, साइबर क्राइम जागरूक्ता अभियान के नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक सतीश गौतम ने बताया कि आज के समय में साइबर अपराध चरम पर है। तकनीक के इस युग में जितनी तेजी से डिजिटल लेन देन को बढ़ावा मिला है उतनी ही तेजी से ठगी के नए-नए तरिके सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जागरूकता, सतर्कता की हमें साइबर क्राइम से बचा सकती है। किसी भी अज्ञात नंबर से प्राप्त हुए लिंक को ना खोले और किसी भी फोन कॉल, संदेश, ईमेल इत्यादि पर दिए गए प्रलोभन या विश्वास में आकर अपनी कोई भी निजी जानकारी किसी के साथ सांझा ना करे। साइबर ठगों के निशाने पर हर वह आदमी है, जो किसी भी डिजिटल माध्यम से जुड़ा है। फिर चाहे वह इंटरनेट मीडिया हो या फिर इंटरनेट बैंकिंग। उन्होंने बताया कि अगर आपके साथ किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी हो जाती है तो तुरंत नेशनल साइबर क्राइम हेल्प लाईन नंबर 1930 पर कॉल करें और आनलाइन शिकायत दर्ज करवाये। इसके अलावा साइबर अपराध थाना या नजदीक पुलिस स्टेशन में साइबर हेल्प डेस्क पर भी अपनी शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है। जितनी जल्दी हो सके शिकायत दर्ज करवाये ताकि समय रहते साइबर फ्रॉड करने वाले अकाउंट को ब्लॉक करवाया जा सके।*

---

## पानीपत जिला बार एसो. ने जांगड़ा महासभा के प्रधान का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत जिला बार एसोसिएशन ने जिला जांगड़ा महासभा के नवनियुक्त प्रधान सतबीर सिंह जांगड़ा का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। वहीं एसोसिएशन के प्रधान अमित कादियान ने सतबीर जांगड़ा को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि वह समाज का नाम रोशन करने का काम करेंगे। सतबीर जांगड़ा का स्वागत करने वालों में बार एसोसिएशन के उप प्रधान हर्ष सैनी, कैशियर बबीता कादियान, सचिव आशीष बंसल, मिनू कमल, रामभज



पानीपत। बार के अध्यक्ष अमित कादियान अतिथियों का स्वागत करते हुए।

सैनी, सुभाष सैनी, कविता रावल, सुनीता कश्यप, पूजा शर्मा, सुशील जांगड़ा, विजय जांगड़ा, कर्मपाल जांगड़ा, राजेश जांगड़ा, प्रवेश कश्यप,रोजी, राजपाल कश्यप, सतीश वर्मा आदि शामिल रहे। मंच संचालन सतपाल जांगड़ा ने किया। इस अवसर पर रामपाल जांगड़ा, जगदीश जांगड़ा, धर्मपाल जांगड़ा, सुभाष जांगड़ा, कर्मबीर जांगड़ा, कृष्ण लाल जांगड़ा व जगत सिंह जांगड़ा आदि मौजूद रहे।

---

## लोकसभा चुनाव में शराब की तस्करी न होने दे प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

हरियाणा आबकारी एवं कराधान विभाग आयुक्त अशोक कुमार मीणा ने गुरुवार को प्रदेश ने पानीपत के उपायुक्त व निर्वाचन अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से चुनाव तैयारी को लेकर मंथन किया व अवैध शराब की तस्करी को लेकर जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि हमें जीरो टॉलरेंस के साथ काम करना है। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अवैध रूप से लाई जा रही शराब को सील करने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान नाके लगाकर पानीपत जिला सीमा पर विशेष ध्यान देना है। व्हाटस ऐप ग्रुप बनाकर सूचना एक दूसरे के साथ सांझा करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि हरियाणा में प्रवेश करने वाले ट्रंको की नियमित रूप से जांच करनी है। हर गतिविधि पर अंकुश लगाना है। जिन जिलों में डिस्टलरी है उन पर विशेष ध्यान देना होगा। चुनाव के दौरान किसी भी तरह की शराब की अवैध तस्करी ना हो इसको लेकर हर मूवमेंट पर पैनी नजर रखनी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में न तो शराब की अवैध खेप को आने देना है व न ही जाने देना है। टीम बनाकर कार्य करना है। इन टीमों में एक्साइज व जीएसटी अधिकारियों, कर्मचारियों को भी शामिल करना है। उन्होंने उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया से इस संदर्भ में सुझाव भी मांगे व एक-एक करके सभी से चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा भी की व उनसे सरप्राइज विजिट करने की बात भी कही। इस दौरान एडीसी डॉक्टर पंकज, एसडीएम मनदीप सिंह, इसराना एसडीएम ज्योती मित्तल, समालखा एसडीएम अमित, सीटीएम टीनू पोसवाल के अलावा आबकारी एवं कराधान विभाग व जिला चुनाव कार्यालय के अधिकारी मौजूद रहे।

- **अधिकारियों को जीरो टॉलरेंस के साथ कार्य करना होगा : आयुक्त मीणा**

### 15 टीमों का गठन किया गया

इधर, डीसी डॉ. दहिया ने आश्वस्त किया कि चुनाव में शराब की अवैध तस्करी को रोकने को लेकर 15 टीमों का गठन किया गया है। अलग-अलग स्थानों पर नाके लगाकर निगरानी बरती जा रही है। बॉर्डर के साथ लगते क्षेत्र में नाके लगाकर वाहनों की चेकिंग का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने एक माह के दौरान पकड़ी गई अवैध शराब के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व स्वतंत्र चुनाव कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। अधिकारी आयोग की दिशा निर्देशें पर कार्य कर रहे हैं।

---

## मोदी सरकार से जनता नाराज : पंवार

### गलत नीतियों से देश में बेरोजगारी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

घर घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान के तहत पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के उझा गेट के पास स्थित सांई कॉलोनी में जनसभा आयोजित की गई। वहीं जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेसी नेता ओमवीर सिंह पंवार ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की गलत नीतियों से देश में बेरोजगारी व मंहगाई बढ़ रही है। उन्होंने दावा किया कि भारत में इस बार आईएनडीआईए की सरकार बनेगी।

### पतन की ओर बढ़ रही है कांग्रेस

**पानीपत।** भाजपा हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता पंडित देवेंद्र दत्ता ने रणदीप सुरजेवाला की भाजपा सांसद हेमा मालिनी पर अभद्र टिप्पणी करने पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि कांग्रेस और कांग्रेस के नेता अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। कांग्रेस ने कभी भी महिलाओं का सम्मान नहीं किया, अपितु भारत में 18वीं लोकसभा के निर्माण में भाजपा और एनडीए की निश्चित हो चुकी प्रचंड जीत से बौखलाहट में है। कांग्रेस के नेता अपने शब्दों की गरिमा को कुचल चुके हैं।

---

## राम जन्म महोत्सव का प्रसंग सुनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

- **परमात्मा का जन्म एवं देवलोक गमन विधि का विधान : राधे**



पानीपत के मॉडल टाउन में स्थित सनातन धर्म मंदिर के प्रांगण में चल रही सप्त दिवसीय भागवत कथा के चौथे दिवस पर प्रसिद्ध कथा वाचक भागवत रसिक पंडित राधे-राधे ने श्रीमद् भागवत कथा पर अपने व्याख्यान देते समय प्यास मंच से भगवान श्री कृष्ण जन्म महोत्सव एवं राम जन्म महोत्सव का प्रसंग बड़े भावपूर्ण एवं संगीतमय शैली में श्रद्धालुओं को सुनाया। इस अवसर पर ईश्वर गोयल, मुकेश गोयल, संत कुमार गोयल,ने व्यास पीठ पर विराजमान राधे राधे महाराज को तिलाक लगाया, भागवत ग्रंथ पूजन किया, माखन मिश्री का भोग प्रसाद लगाया। उन्होंने कहा कि परमात्मा बड़ा दयालु है बड़ा कृपालु है दीन दुखियों की सेवा का भाव स्वयं भगवान ने निर्मित किया एवं कर्तव्य परायण होकर दीन दुखियों की सेवा करने के लिए मानव शरीर धारण किया या यह कहें सीधे अर्थों में के मानव जाति के कल्याण के लिए खुद स्वयं ब्रह्मांड नायक मानव रूप धारण करके धरती पर अवतरित हुए परंतु सृष्टि के नियमों का उल्लंघन ना हो इसलिए उनको भी तय समय के अनुसार देव लोग को जाना पड़ा जो आया है सो जाएगा राजा रंक फकीर यह सीधा सा दृष्टांत है इस धरातल पर कि चाहे वह राजा हो या रंक हो उसको इस भगवान द्वारा सबसे सुंदर नगरी पृथ्वी लोक से जाना ही पड़ेगा। भगवान का जन्म दुराचार अनाचार अत्याचार को समाप्त करने के लिए एवं अपने भक्तों की रक्षा के लिए हुआ है शास्त्रों में विदित है कि भगवान जब जब अपने भक्तों पर कष्टों का घोर अंधकार रूपी बादल छाने लगता है तो परमात्मा किसी न किसी रूप में अपने भक्तों की रक्षा के लिए स्वयं मानव शरीर धारण करके धरातल पर प्रकट होते हैं भक्तों के अधीन होते हैं भगवान ऐसा स्वयं भगवान ने अपने मुख से गीता एवं भागवत के माध्यम से संदेश दिया। इस अवसर सनातन धर्म संगठन के प्रधान कृष्ण रेवड़ी, रोडवेज जीएम कुलदीप जांगड़ा, बीजेपी प्रवक्ता देवेन्द्र दत्ता, मंदिर के प्रधान तरूण गांधी, रमेश चुग, अशोक नारंग, महेश थारेजा, मास्टर मुकेश बोस, राजकुमार झांब, ईश्वर गोयल रामकुमार गोयल मुकेश गोयल, धीरज छाबड़ा, सतीष गम्भीर, सुमेर, कृष्ण जन्म उत्सव पर माखन मिश्री का प्रसाद वितरण किया गया। ,

---



पानीपत। जीडी गोयंका स्कूल में यज्ञ करते हुए टीचर्स व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### जीडी गोयंका में यज्ञ के साथ नव शिक्षा सत्र का शुभारंभ

पानीपत। जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आज हवन करा कर नए सत्र का शुभारंभ किया गया। वही, मां सरस्वती के मंत्रोच्चारण के साथ सभी ने यज्ञ कुंड में आहुति डालकर मां सरस्वती की पूजा आराधना की और लगन व परिश्रम से अपना-अपना कार्य पूरा करने की प्रतिज्ञा ली। विद्यालय के चेयरमैन अतुल जैन ने बच्चों के अच्छे भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या श्रीमती ऋतु सिंह ने बच्चों को हवन की महता से परिचित करा सभी के स्वास्थ्य व अच्छे भविष्य की कामना करते हुए बच्चों को शुभाषीश दिया। इस अवसर पर सीईओ श्री कमल किशोर, वाइस चेयरमैन युवराज जैन, ऋचा जैन, एडवोकेट मुस्कान जैन, बलराम शर्मा अध्यापकगण और विद्यार्थी मौजूद रहे। डायरेक्टर मधु अग्रवाल ने बच्चों को नई कक्षा में प्रवेश करने पर बधाई दी और अच्छे भविष्य की कामना की।

---

### एन्टरप्रन्योर समिट, कानुपर से लेकर बेंगलुरु तक से उद्यमियों ने किया प्रेरित

# कॉलेज टाइम में ही स्टार्टअप शुरू करें विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

अगर आप अपने करिअर में सफल होना चाहते हैं तो जीवन में ठहराव अवश्य लाएं। इसके साथ ही स्टार्टअप के लिए कॉलेज का समय ही सबसे श्रेष्ठ होता है। क्योंकि तब आपके सामने कोई डर या चिंता नहीं होती। पढ़ाई को किसी भी स्तर पर दरकिनार न करें। ये टिप्स पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी में युवा उद्यमियों ने कॉलेज के विद्यार्थियों को दिए। कॉलेज में एन्टरप्रन्योर क्लब हस्लर एवं बीबीए विभाग ने एन्टरप्रोन्योर समिट का आयोजन किया। समिट के दूसरे दिन क्रिब के सीईओ सन्नी गर्ग, हैमर के संस्थापक रोहित नंदवानी, ए टीपिक्ल एडवांटेज की सहसंस्थापक गीतिका मेहता, एनग्यूरस के निदेशक लोकेशपुरी गोस्वामी और शेफलिंग के संस्थापक रौनीत गंभीर ने प्रेरित किया। इससे पूर्व पानीपत ग्रामीण से भाजपा नेता एवं निवर्तमान पार्षद विजय जैन ने समिट का शुभारंभ किया। सन्नी गर्ग ने कहा कि आपके पास किसी समस्या का सरल उपाय



पानीपत। पाइट में एन्टरप्रन्योर समिट में भाग लेते हुए युवा उद्यमी। फोटो : हरिभूमि

है और इससे आप बाजार में आय का जरिया बना सकते हैं, उसे ही सामान्य शब्दों में स्टार्टअप कहा जाता है। कॉलेज लाइफ में रिस्क लो। इस समय आपके ऊपर जिम्मेदारी का बोझ नहीं होता। आपके सफल होने की संभावनाएं अधिक होती हैं। गीतिका ने कहा कि आर्टिफिशल इंटेलीलेंस एआइ ने अवसर के द्वार खोल दिए हैं। इसकी वजह से हर कोई एक जैसा होने लगा है। अब भेदभाव खत्म होने लगा है। तकनीक से जितनी ज्यादा दोस्ती करेंगे, उतना आगे बढ़ते जाएंगे। हैमर से रोहित नंदवानी ने कहा कि कोई भी कारोबार शुरू करने से पहले उसके बाजार पर रिसर्च कर लें। तब आपको पता चल जाएगा कि आप उस बाजार में कितनी जगह बना सकते हैं। ज्यादा से ज्यादा जानकारियां एकत्र करें। स्टार्टअप में फंड को लेकर ज्यादा न सोचें, क्योंकि इससे आपके आइडिया पर असर पड़ता है। खुद पर भरोसा रखें। शेफलिंग से रौनीत गंभीर ने कहा कि कोरोना के वक्त उन्होंने देखा कि खाने को लेकर दिक्कत आ रही थी। तभी उन्होंने बारबेक्यू के बारे में सोचा। ऐसे फूड बनाए, जो लोग आर्डर देकर घर पर बना सकते हैं। घर पर रेस्तरां शैली में खाना बना सकते हैं। प्रत्येक किट में सॉस से लेकर गार्निश तक सभी आवश्यक सामग्रियां शामिल होती हैं। लोकेशपुरी गोस्वामी ने कहा कि पर्यावरण अनुकूल बिल्डिंग सामग्री बनाने के विचार से वे आगे बढ़े हैं। इसलिए अपने विचार को आने से नहीं रोकें। रिस्क लें। सफलता जरूर मिलेगी। पाइट के सचिव सुरेश तायल व वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि बीबीए के छात्र स्व.अक्षत सिंगला ने हसलर क्लब की स्थाना की थी। जब आप कुछ करना चाहते हैं और हमारे बीच नहीं रहते, तब भी उनकी सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। उसी सकारात्मक ऊर्जा से बीबीए के छात्र-छात्राओं ने एन्टरप्रन्योर समिट की है। इस अवसर पर चेयरमैन हरिओम तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.जेएस सैनी, डीन डॉ.बीबी शर्मा मौजूद रहे।

---

## कवि माखनलाल ने स्वतंत्रता आंदोलन को सशक्त किया था : शशि

- **आई बी कॉलेज में राष्ट्र कवि रहे माखन लाल चतुर्वेदी को जयंती पर श्रद्धांजलि दी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। आईबी कॉलेज की विजेता छात्राएं हिंदी विभागध्यक्ष डॉ. शशि प्रभा के साथ।

- **माखनलाल चतुर्वेदी ने राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत कविताएं लिखकर जनता को स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने की प्रेरणा दी**

आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा राष्ट्रीय काव्यधारा के कवि माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती के अवसर पर बुक मार्क प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गांधी जी से अहिंसा, तिलक से संघर्ष तथा रविन्द्रनाथ टैगोर से मानवतावादी दृष्टिकोण ग्रहण कर माखनलाल चतुर्वेदी ने राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत कविताएं लिखकर जनता को स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने की प्रेरणा दी। उन्होंने न केवल देश प्रेम का साहित्य लिखा बल्कि स्वयं स्वाधीनता आंदोलनों में सक्रिय भागीदारी करने के कारण कई बार जेल भी गए। उन्हें उत्कृष्ट साहित्य लेखन के लिए ह्यसाहित्य अकादमीह्न पुरस्कार मिला तथा वे ह्यएक भारतीय आत्माह्न के रूप में प्रसिद्ध हुए। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ साथ सृजनात्मक गतिविधियों में भाग लेने से विद्यार्थियों में रचनात्मकता का विकास होता है। जिससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। प्रसिद्ध साहित्यकारों के साहित्य से जीवन मूल्य ग्रहण करके विद्यार्थी समाज तथा देश के विकास के लिए अग्रसर होते हैं। हिन्दी विभागाध्यक्षा डॉ. शशिप्रभा ने कहा कि माखनलाल चतुर्वेदी न केवल साहित्यकार बल्कि संपादक तथा स्वतंत्रता सेनानी भी थे। ताकि साहित्य के विद्यार्थी उनके जीवन तथा लेखन से प्रेरणा ग्रहण कर सकें। वही, प्रतियोगिता में 15 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की तथा रोनक ने प्रथम, टीना ने द्वितीय, सीमा ने तृतीय तथा राधिका व पूजा संयुक्त रूप से चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप



बराड़ा। हवन यज्ञ में आहुतियां डालते स्कूली छात्र।

### डीएवी स्कूल में नए शिक्षा सत्र का आगाज

**बराड़ा।** डीएवी विद्यालय में नए सत्र की शुरुआत हवन यज्ञ के द्वारा की गई। यज्ञ ब्रह्मा के रूप में प्राचार्य ने अपना स्थान ग्रहण किया। इसमें कक्षा 8 से 12वीं तक के सभी बच्चों ने भाग लिया। नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक बच्चों को तिलक करके स्कूल को प्रारंभ किया गया। प्रथम दिन बच्चों ने अपना परिचय देकर तथा प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त कर अपने सत्र को प्रारंभ किया। कक्षाओं में ज्ञानवर्धन के लिए अनेक महापुरुषों की कहानियों को बच्चों को बताया गया। प्राचार्या सुनीता कपूर ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ चौमुखी विकास की आवश्यकता है बच्चों को कक्षा में कुछ समय नैतिक शिक्षा का देना आवश्यक है। एकाग्रता को बढ़ाने के लिए योग की शिक्षा को भी देना आवश्यक है खेल कूद बच्चों की जहां शारीरिक विकास को करते हैं।

### आढ़तियों ने किया प्रदर्शन

**नारायणगढ़।** एमएसपी की दर पर सरकार द्वारा खरीदी जाने वाली फसलों को आढ़तियों के माध्यम से खरीदने तथा उन पर आढ़तियों को ढाई प्रतिशत कमीशन देने की मांग को लेकर वीरवार को भी आढ़ती धरने पर डटे रहे। आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान योगिंद्र मोहन ने बताया कि शनिवार को धरने के अंतिम दिन भारी संख्या में कारोबारी जमा होंगे।

### अब नंबरदारी की गवाही भी जरुरी नहीं

**नारायणगढ़।** उपमण्डल अधिकारी यश जालुका ने तहसीलदार, नायब तहसीलदार व शहजादपुर को आदेश दिये है कि सरकार की हिदायत 27 जनवरी 2021 के अनुसार वसीका पंजीकृत करवाते समय जमाबंदी पर सम्बंधित पटवारी के हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है। बशर्ते जिस दिन वसीका पंजीकृत करवा रहे है जमाबंदी उस दिन या उससे पिछले दिन की होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त वसीका पंजीकृत करवाते समय नंबरदार की गवाही की भी जरुरी नहीं है।

**लोकसभा चुनाव:** जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# सात नाकों पर पुलिस का कड़ा पहरा, नशा तस्करों पर पैनी नजर

### हर अधिकारी व कर्मचारी को ईमानदारी से ड्यूटी देने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। अधिकारियों की मीटिंग लेते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. शालीन ने कहा कि चुनाव की पवित्रता को हमें किसी भी रूप में भंग नहीं होने देना है। चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शिता व शांतिपूर्ण तरीके से करवाना हम सबका दायित्व है। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जिन कर्मचारियों व अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है वे पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ उसे करना सुनिश्चित करें। चुनाव के दौरान किसी भी तरह की अवैध गतिविधियां जैसे अवैध शराब, जरूरत से ज्यादा कैश व प्रीसियस मेटल (जेवरात इत्यादि) सहन नहीं की जाएगी।निर्वाचन अधिकारी वीरवार को पंचायत भवन के सभागार में स्टेटिकल सर्विलांस टीम, नाकों पर तैनात इंचार्ज, एसएचओज, ट्रांसपोर्टर व डिस्टलरी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक ले रहे थे। उन्होंने जिला में आचार संहिता लागू हो गई है। इसके दृष्टिगत हरियाणा में छठे चरण में चुनाव होंगे। इससे पहले पांच चरणों में देश में चुनाव होने हैं। लोकसभा चुनाव के तहत जिला में अवैध शराब की तस्करी न हो, इसके लिए इंटर स्टेट 7 जगहों पर नाके लगाए गए हैं।

उपायुक्त ने स्टेटिकल सर्विलांस टीम के साथ-साथ अन्य अधिकारियों को स्पष्ट किया कि चुनाव के दौरान किसी भी तरह की अवैध गतिविधियां सहन नहीं की जाएंगी। नाकों पर तैनात टीमें पूरी तत्परता के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। जिला में जो डिस्टलरी हैं उनको रिकॉर्ड मेनटेन होना चाहिए। ड्यूटी मजिस्ट्रेट इस रिकॉर्ड को चेक करना सुनिश्चित करें। इसके साथ-साथ एल-1, एल-13 का इन-आउट रिकॉर्ड भी ड्यूटी मजिस्ट्रेट चेक करना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि यदि कहीं पर अवैध शराब की संलिप्ता पाई जाती है और जिस वाहन से यह प्राप्त होगी, उसमें चालक के साथ-साथ ऑनर के खिलाफ एफआईआर में नाम दर्ज होगा और जिस भी डिस्टलरी की होगी उस पर भी कार्रवाई सुनिश्चित होगी। नाकों पर तैनात टीमों के साथ-साथ लोकल एसएचओ व चौकी इंचार्ज के अलावा एक्साइज इंस्पेक्टर अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसी हर गतिविधियों पर नजर रखते हुए कार्य करें। मकसद चुनाव की पवित्रता को बनाए रखना है।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि कहीं पर भी परमिट गल्त पाया जाता है तो ऑनर के खिलाफ भी कार्रवाई होगी। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान यदि किसी कर्मचारी या अधिकारी की संलिप्ता पाई गई तो चुनाव को लिखकर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सभी ने इस चुनाव में एक टीम के साथ काम करना है। उन्होंने यह भी कहा कि अगले दिनों में नाकों पर तैनात टीमें और तत्परता से कार्य करते हुए कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। धरातल पर कार्य करके अवैध गतिविधियों पर शिकंजा कसना है। उन्होंने यह भी कहा कि टीमें नाकों पर चेकिंग के दौरान अपना आचरण विनम्र रखें। हर गतिविधि की वीडियोग्राफी करनी है। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना करते हुए चुनाव को निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाना हम सबका दायित्व है। इस मौके पर आरटीए सुशील कुमार, एसडीएम दर्शन कुमार, नगराधीश विश्वजीत सिंह, डीएसपी रजत गुलिया, जिला चुनाव तहसीलदार संदीप कुमार, डीईटीसी अशोक पंचाल, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार के साथ-साथ स्टेटिकल सर्विलांस टीम के इंचार्ज व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# 1.91 करोड़ से टांगरी नदी पर बन रहा कॉज वे, कई लोगों को मिलेगा लाभ

- पूर्व गृहमंत्री अनिल विज ने कॉज वे के निर्माण का लिया जायजा, बरसाती सीजन से पहले एजेंसी को काम पूरा करने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। कॉज वे के निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए पूर्व मंत्री अनिल विज।

पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री ने टांगरी नदी पर काज-वे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निर्माण एजेंसी स्टाफ को कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के दिशा-निर्देश दिए। विज ने नदी के ऊपर बनने वाले काज-वे निर्माण के कार्य को बरसातों से पहले पूरा करने के निर्देश दिए ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि इस काज-वे के बनने से टांगरी बांध रोड से सीधा करधान तक रोड कनेक्टिविटी मिलेगी और दोनों तरफ आना-जाना पहले से भी आसान होगा। उन्होंने निर्माण एजेंसी स्टाफ से निर्माण कार्य की पूरी जानकारी ली। निर्माण एजेंसी प्रतिनिधियों ने बताया कि निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है और पानी के बहाव को डाइवर्ट किया जा रहा है, इसके बाद नदी तक काज-वे निर्माण के लिए फाउंडेशन एवं अन्य कार्य किए जाएंगे। पूर्व मंत्री ने इस दौरान कहा कि काज-वे के बनने से टांगरी नदी के दोनों तरफ बसे लोगों को आना-जाना आसान होगा। भविष्य में ब्राह्मण माजरा में डेयरी कांप्लेक्स बनना है और इस काज-वे से ग्वालों को डेयरी कांप्लेक्स तक आने-जाने में काफी सहूलियत मिलेगी। गौरतलब है कि टांगरी बांध रोड पर निशात बाग व डीसेंट कॉलोनी के पास से काज-वे का निर्माण प्रारंभ किया जा रहा है। काज-वे टांगरी नदी के दूसरे छोर पर करधान में जाकर मिलेगा। इस रास्ते के बनने से नदी के दोनों तरफ बसी कई कालोनियों के अलावा गांव के निवासियों को दोनों तरफ आने-जाने में नया रास्ता मिलेगा और समय की बचत होगी। उन्हें जगाधरी रोड पर जाने के बजाए सीधा शहर की तरफ आने में नया रास्ता उपलब्ध होगा। काज-वे बनने से करधान, प्रभु प्रेम पुरम, सोनिया कालोनी, नग्गल, ब्राह्मण माजरा व अन्य क्षेत्रों के अलावा टांगरी नदी के दूसरे छोर पर स्थित बीडी फ्लोर मील क्षेत्र में निशात बाग, डीसेंट कालोनी, एकता विहार एवं अन्य कालोनियों के हजारों लोगों को इसका लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि सिंचाई विभाग द्वारा काज-वे का निर्माण कार्य 1.91 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। काज-वे लगभग 18 फुट चौड़ा होगा जबकि 500 फुट लंबा होगा।

# कई शिक्षकों को मिला सम्मान

**नारायणगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाहा में वीरवार को आयोजित कार्यक्रम में राजकीय प्राथमिक विद्यालय पुलेवाला के जेबीटी शिक्षक अमरीक सिंह, राजकीय प्राथमिक विद्यालय खानपुर राजपूतान के जेबीटी शिक्षक हरीश कुमार तोमर, राजकीय प्राथमिक विद्यालय लाहा की जेबीटी शिक्षक निशा व सविता को प्रभावी ढंग से शिक्षण कार्य करने पर सम्मानित किया गया। पुलेवाला स्कूल के जेबीटी शिक्षक अमरीक सिंह को गुरुग्राम में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में भी पुरस्कार मिल चुका है।

# गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चे के उपचार के लिए उपलब्ध करवाई आयुर्वेदिक दवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



बराड़ा। बच्चे को दवाई उपलब्ध करवाते हुए ।

सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत)की ओर से स्वस्थ भारत, स्वस्थ समुदाय अभियान के तहत गांव बिंजलपुर के एक दुर्लभ रोग से पीड़ित बच्चे को निशुल्क आयुर्वेदिक दवाइयां उपलब्ध करवा कर समाज सेवा में अपना अतुलनीय योगदान दिया। इस दुर्लभ रोग के बारे में सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) चेयरमैन नरेश मित्तल ने बताया कि यह बच्चों को होने वाली एक गंभीर बीमारी है जो मांसपेशियां को कमजोर कर देती है। अगर हालत बिगड़ जाए तो पीड़ित की 20 से 30 साल की उम्र में मौत तक हो जाती है। सेवा ट्रस्ट इस गम्भीर बीमारी से ग्रस्त मरीजो को अपनी कॉ स्पोंसर कम्पनी डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से जो दवाइयां उपलब्ध करवा रही है उनके उपयोग से जहां बच्चों की बीमारी नियंत्रित होने लगी है तो वहीं अभिभावकों व ट्रस्ट के सदस्यों की उम्मीद बंध गई है । आयुर्वेदिक दवाइयां इम्यूनिटी को शरीर की ताकत बनाकर बीमारी को बढ़ने से रोकने के प्रयास करती है। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट के स्टेट को-ऑडिनेटर पवन पराशर और ट्रस्ट सदस्य नवीन गुप्ता ने पांचवें चरण में वीर प्रताप सुपुत्र मनु राणा को 3 महीनों की आयुर्वेदिक दवाई जोकि लगभग 35 हजार की है सौंपी। इस पर मनु राणा ने ट्रस्ट के चेयरमैन नरेश मित्तल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि एक साल से बच्चा इन आयुर्वेदिक दवाईयों और इम्युनिटी बूस्टर को ले रहा है जिससे उसकी बीमारी काफी ठीक हो रही है और बच्चे की सेहत में भी काफी सुधार हुआ है।

# किसानों ने कई गोलियां का किया सामना

### शंभू बॉर्डर पर पुलिस ने किसानों पर चलाई थी एसएलआर गोलियां

- किसान नेता बोले ट्रैक्टर के टायरों से मिली गोलियों के खोल, खनौरी बॉर्डर पर युवा किसान शुभकरण की इसी गोली से हुई थी मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। ट्रैक्टर के टायरों से मिली एसएलआर गोलियां दिखाते किसान नेता तेजबीर सिंह पंजोखरा व अन्य।

शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों पर पुलिस ने एसएलआर की गोलियां भी चलाई थी। किसानों का आरोप है कि जब 13,14 व 21 फरवरी को दिल्ली कूच का प्रयास किया गया तो पुलिस ने इन गोलियां का इस्तेमाल किया था। किसानों की माने तो एसएलआर की गोली से खनौरी बॉर्डर पर 21 फरवरी को युवा किसान शुभकरण की मौत हुई थी। भाकियू शहीद भगत सिंह के प्रवक्ता तेजबीर सिंह ने पुलिस की ओर से चलाई गई गोलियां दिखाई है। तेजबीर सिंह का कहना है कि ये गोलियां शंभू बॉर्डर पर पानी की टैंकी के साथ खड़े ट्रैक्टर के टायरों और टैंकी से बरामद हुई हैं। तेजबीर सिंह का आरोप है कि 13 और 21 फरवरी को शंभू और खनौरी बॉर्डर पर हरियाणा पुलिस ने सीधी गोलियां चलाई हैं। इसके सबूत शंभू मोर्चा पर पंजाब की धरती पर खड़े ट्रैक्टर में मिले हैं। ट्रैक्टर के टायर में गोलियां मिली है। हरियाणा-पंजाब के किसान संगठनों ने 13 फरवरी को दिल्ली कूच का ऐलान किया हुआ था। पहले दिन हजारों की संख्या में किसान शंभू और खनौरी बॉर्डर पहुंचे। इस दौरान किसानों में जोश देखने वाला था। शंभू बॉर्डर पर युवा किसानों ने जोश-जोश में पंजाब की तरफ लगाए बैरिकेडिंग को हटा दिया,लेकिन पुलिस-फोर्स ने किसानों को मजबूत बैरिकेडिंग के पास भी नहीं लगने दिया।किसानों ने अगले दिन 14 फरवरी को फिर दिल्ली कूच का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने लगातार आंसू गैस व रबड़ की गोलियां दागी, जिसमें कई किसानों को गंभीर चोटें भी आई। किसानों का आरोप ये भी है कि पुलिस ने पैलेट गन का इस्तेमाल किया है। सरकार के साथ सहमति न बनने पर किसानों ने 21 फरवरी को फिर दिल्ली कूच का ऐलान किया। शंभू और खनौरी बॉर्डर पर दिल्ली कूच के लिए किसानों ने जद्दोजहद की। खनौरी बॉर्डर पर गोली लगने से युवा किसान शुभकरण की मौत हुई, जिसकी वजह से किसानों ने अपना फैसला वापस लेना पड़ा।

# शिवालिक मंच की कार्यकारिणी का विस्तार, जिलाध्यक्ष बने प्रमोद अग्रवाल



अंबाला। अंबाला छावनी पहुंचने पर विजय बंसल का अभिनंदन करते हुए सहयोगी।

**अंबाला।** छावनी में में वीरवार को शिवालिक मंच के प्रदेशाध्यक्ष विजय बंसल का स्वागत किया गया। बंसल शिवालिक मंच का विस्तार करने के लिए छावनी पहुंचे थे। बंसल का अम्बाला छावनी पहुंचने पर प्रमोद अग्रवाल ने अपने साथियों सहित उनका स्वागत भी किया। इसके बाद विजय बंसल ने प्रमोद अग्रवाल को अंबाला यूनिट का शिवालिक मंच एनजीओ का अम्बाला का प्रधान नियुक्त किया गया व इसकी आगे की बॉडी बनाने के लिए कहा गया। शिवालिक मंच के बारे में विजय बंसल ने कहा कि यह मंच 1996 में पिंजौर में गठित किया गया था,इसके माध्यम से शिवालिक एरिया में जितने भी जिला पड़ते हैं वहां की समस्याएं और मुद्दे लोगों के साथ मिलकर यह मंच उठाता है और सरकार व प्रशासन से मिलकर उनका निवारण करवाता है। इसी को आगे बढ़ाने के लिए अब वह अम्बाला में इसका विस्तार करने के लिए आए हैं। यहां प्रमोद अग्रवाल जी जिला प्रधान मनोनीत हुए हैं। वह आगे की बॉडी बनाएंगे। विजय बंसल के स्वागत समारोह में प्रमोद अग्रवाल के साथ अखिलेश गोयल, विश्वनाथ यादव, गोल्डी, राजेश गर्ग , सुधीर लांबा, योगेश अग्रवाल, अश्वनी गोयल, जय धीमान, गगन मरवाह, राजू शर्मा, ओंकार नाथी, बाबू कनौजिया उपस्थित रहे।

### बीमा कंपनियों की मनमानी पर रोक लगाए सरकार

**जींद।** देव हिंदू मंच के राष्ट्रीयध्यक्ष दलजीत मलिक ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पोर्टल से किसानों को लाभ की बजाए नुकसान 'यादा है। हरियाणा में सबसे 'यादा नुकसान जींद जिले में हुआ है। जब किसान पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा कर मुआवजा प्राप्त करनें अधिकारियों के समक्ष जाते हैं तो अधिकारी ये बाते कह कर टाल मटोल कर देते है कि आपकी फसल में 70 प्रतिशत से कम है। बीमा कंपनी इसका लाभ उसको देती है, जिसका नुकसान 70 प्रतिशत से अधिक हो। जबकि किसान के न चाहते हुए भी बीमा कंपनी जबदस्ती किसानों का बीमा कर देती है। उसके बावजूद किसान को समय पर इसका लाभ नही मिलता और केवल हताशा ही हाथ लगती है। दलजीत मलिक ने कहा कि हमारी बीमा कंपनियों व केंद्र सरकार से मांग है कि किसान की फसल चाहे 10 प्रतिशत या 20 प्रतिशत खराब हो, उसको उसी हिसाब से उतना ही मुआवजा दिया जाना चाहिए। 70 प्रतिशत फसल खराबे की बात बेमानी है। इससे किसान का मनोबल टूटता है।

# चित्र निर्माण में यशिका प्रथम

- केएम राजकीय महाविद्यालय में प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना



नरवाना। पोस्टर दिखाते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

केएम राजकीय कालेज नरवाना द्वारा मेरा पहला मत राष्ट्रहित में मतदान जागृति के लिए चित्र निर्माण, प्रस्ताव एवं नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया । प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने विद्यार्थियों को प्रथम बार मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए भारतीय लोकतंत्र के आधार स्तंभ मतदाताओं को योग्य, समर्थ, ईमानदार और राष्ट्र भक्त उम्मीदवारों के चयन में निस्वार्थ एवं निर्लेप भाव से मतदान करने का आह्वान किया। कार्यक्रम संचालक जयपाल सिंह आर्य ने कहा कि भारत में आदिकाल से जनता जनार्दन के द्वारा राजा एवं राज तंत्रिका प्रणाली चुनने का गणतंत्रीय परंपरा एवं सिद्धांत रहा है। भारतीय राज्यव्यवस्था में महाराजा मनुष्य लेकर महाभारत पर्यंत कुलगुरु, राजगुरुए राज्यसभा एवं जनता के द्वारा सुयोग्य, सत्यनिष्ठ, प्रबुद्ध, कृतज्ञ, वीर एत्यागी, तपस्वी, पुरुषार्थी, ओजस्वी, पराक्रमी राजा चुनने का वैदिक विधान रहा है। जयपाल सिंह आर्य एवं मुकेश कुमारी ने छात्रों को मेरा पहला मत राष्ट्रहित में मतदान करने के लिए प्रतिज्ञा भी दिलवाई है। प्रस्ताव लेखन चित्र निर्माण एवं नारा लेखन प्रतियोगिताओं में 35 छात्रों ने भाग लिया। चित्र निर्माण में यशिका ने प्रथम, काजल द्वितीय, निधि तृतीय स्थान पर रही।

# नगर निगम का तत्कालीन चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर दोषी करार

- धोखे से स्क्रैप बचने का आरोप, ठेकेदार भी दोषी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

धोखाधड़ी से नगर निगम का स्क्रैप बेचने के मामले में अदालत ने नगर परिषद कैंट में चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर विनोद कुमार समेत अन्य आरोपियों को दोषी करार दिया है। अब आरोपियों को सजा तय होगी। मार्च 2016 को निगम के जॉइंट कमिश्नर की शिकायत पर विनोद बैनीवाल, निगम के ठेकेदार मनीष व वाहन चालक माया राम के खिलाफ साजिशन धोखाधड़ी, विश्वासघात व चोरी की धाराओं में केस दर्ज किया गया था। साल 2016 में विनोद बैनीवाल अंबाला सिटी नगर निगम के सेनेटरी इंस्पेक्टर थे। जॉइंट कमिश्नर की तरफ से दर्ज कराए मामले के मुताबिक, नाहन हाउस के मनीष कुमार को 10 फरवरी 2016 को निगम परिसर में पड़ी स्क्रैप उठाने का ठेका दिया गया था लेकिन भारी लोहा व वाटर पंप पाइप से संबंधित समान की बोली नहीं की गई थी। 17 मार्च 2016 को ठेकेदार मनीष ने निगम कर्मचारियों की मिलीभगत से गाड़ी स्वराज में वाटर पंप की पाइप व भारी लोहा लोड करके ले जाकर कांटे पर तुलवाया था। लोगों ने इसकी सूचना निगम को दी थी। इसके बाद लोड गाड़ी को निगम में लाया गया। जांच में पाया गया कि स्क्रैप के अतिरिक्त बिना बोली वाला लोहे का समान, वाटर पंप आदि लोड किए हुए थे। शिकायतकर्ता के मुताबिक, ठेकेदार मनीष ने सफाई निरीक्षक विनोद बैनीवाल व निगम के अन्य कर्मचारियों के साथ मिलीभगत करके सरकारी सम्पति की हेराफेरी करके चोरी की थी।

# फसल खरीद में संसाधनों के अभाव से किसान, मजदूर व आढ़ती परेशान

- विधायक वरूण चौधरी ने राज्य सरकार पर बोला हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना



मुलाना। किसानों से बातचीत करते विधायक वरुण चौधरी।

सरसों की फसल की खरीद सरकार द्वारा एजेंसियों के माध्यम से शुरू की है। खरीद करने के लिए मंडियों में सुविधा उपलब्ध करवाने के बड़े-बड़े दावे किए गए जबकि हकीकत में किसानों की फ़सल की खरीद के लिए एजंसियों के पास पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। जो एजेंसी फसल की ख़रीद कर रही है उसके पास न फ़सल साफ करने की कोई मशीन, लेबर, बिजली कनेक्शन,वजनी कांटा कोई भी समान अपना नहीं है। एजेंसियों ने सारा सामान आढ़तियों से उधार लिया हुआ है। आढ़तियों को इसके बदले कोई कमीशन नहीं दी जा रही है। न ही मजदूरों को उनके मेहनताना देने की तय सीमा निर्धारित है। विधायक वरुण चौधरी ने मुलाना मंडी में किसानों, आढ़तियों, व मजदूरों से मुलाकात के दौरान राज्य सरकार पर बड़ा हमला किया। विधायक मंडी में फ़सल खरीद का जायज़ा लेने पहुचे थे। उन्होंने ने कहा कि गेहूं की फसल की खरीद भी 1 अप्रैल से शुरू हो चुकी है लेकिन अभी तक बारदाना व अन्य सामान भी मंडियों में नहीं पहुंच पाया है।

**निजी अस्पताल के साथ महिला स्वास्थ्य और जीवन पर हुई चर्चा**

# 'द लाइट विदइन' का मकसद जागरुकता से सशक्तिकरण तक ले जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। वर्कशॉप में शामिल महिलाएं

अंबाला छावनी के बोह गाँव की धर्मशाला में एक अनूठी 'माँ-बेटी वर्कशॉप' का आयोजन किया गया। इसमें निजी अस्पताल से डॉ पूनम लुम्बा,डॉ सुगंधा चोपड़ा के सौजन्य से चित्रा सरवारा व पूनम सांगवान ने सरवाइकल कैंसर और मासिक धर्म से जुड़े मुद्दों पर महिलाओ और बच्चियों की ये वर्कशॉप करवाई I इस वर्कशॉप में फिल्म के माध्यम से सभी मुद्दों को खूबसूरती से समझाते हुए डॉ पूनम लुम्बा ने महिलाओ के सवालों का जवाब दिया और डॉ सुगंधा ने टॉपिक पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। यह कार्यक्रम चित्रा सरवारा और पुनम ने मिलकर दा लाइट विदइन(आत्मजोती) एक इनिशेटिव के तहत किया। चित्रा ने कहा की₹दा लाइट विदइन₹ एक कोशिश है जहां पर समाजिक मुद्दों पर जुड़कर महिलाओं की और बच्चियों की कुछ मुश्किलों में उनकी मदद उनकी सहायता या उनमें एक जागरुकता लाई जा सके।

'दा लाइट विदइन' के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का नाम था 'माँ-बेटी वर्कशॉप'। इस वर्कशॉप के लिए माताओं और बेटियों को प्रोत्साहित भी किया गया की आकर यहाँ पर हिस्सा लें, समझें और सबसे महत्वपूर्ण, अपनी बात रखें। चित्रा ने बताया की इस माँ बेटी वर्कशॉप की एक सोच यह है की माँ और बेटियां इकठे हर मुद्दे पर जब एक दूसरे की बात करेगी, और एक दूसरे की बात को साझा करेंगी,बातें और जानकारी प्राप्त करेंगी तो उनकी आपस की एक हिचक से भी दूर होगी और बेटियां खुलकर अपनी माताओ को अपनी मुश्किलें अपनी परेशानियां बता सकेंगी। उन्होंने कहा कि बहुत से चैलेंज हमारी छोटी बच्चियों के सामने आते हैं और अक्सर परिवार में खुलापन ना होने के कारण बात करने की आजादी ना महसूस करने के कारण बच्चियां मुश्किलें अपने तक रखकर बैठ जाती है और कई बार मुश्किलों का शिकार हो जाती हैं। चित्रा ने कहा की मां बेटी वर्कशॉप पहले भी इस तरह कई बार हो चुकी है जिसके अंदर बच्चियों को जागरूक किया गया है। आज के इस कार्यक्रम के लिए चित्रा सरवारा और पूनम सांगवान ने लुम्बा मैटरनिटी व आईवीएफ सेंटर अस्पताल से आई हुई डॉ पूनम लुम्बा और डॉ सुगंधा चोपड़ा का भी धन्यवाद किया और उनको एक स्मृति चिन्ह और पौधे देकर उनको सम्मानित भी किया।